# इंदौर एयरपोर्ट पर पार्किंग और ट्रैफिक प्रबंधन की बड़ी तैयारी

▸ जल्द बनेंगी पांच नई लेन, सुदृढ़ होगी पार्किंग व्यवस्था

शैलेन्द्र कश्यप

**इंदौर. किसी भी हवाई अड्डे पर टर्मिनल भवन के आसपास सुरक्षा कारणों से वाहनों की आवाजाही और पार्किंग को नियंत्रित रखना आवश्यक माना जाता है. सामान्यतः टर्मिनल भवन से एक निश्चित दूरी तक वाहनों के खड़े होने पर प्रतिबंध रहता है, ताकि सुरक्षा मानकों का पालन किया जा सके. हालांकि, लंबे समय से जगह की कमी के कारण देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर इन व्यवस्थाओं को पूरी तरह लागू करना चुनौतीपूर्ण रहा है.**

अब एयरपोर्ट के लिए अतिरिक्त भूमि उपलब्ध होने के बाद स्थिति बदलने जा रही है. एयरपोर्ट के मास्टर प्लान-2023 के तहत पार्किंग और ट्रैफिक प्रबंधन को व्यवस्थित करने की दिशा में बड़े कदम उठाए जा रहे हैं. सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में मौजूद तीन लेनों के अतिरिक्त पांच नई लेनों का निर्माण प्रस्तावित है. इसके लिए जल्द ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया द्वारा टेंडर जारी किए जाने की संभावना है.

**आठ लेन की होगी नई व्यवस्था**-वर्तमान में एयरपोर्ट पर आने वाले अधिकांश वाहन सीधे टर्मिनल भवन के सामने पहुंचते हैं. यात्री यहीं उतरते या सवार होते हैं, जिससे पीक आवर्स में वाहनों का दबाव बढ़ जाता है. कई बार यात्री और अन्य वाहन चालकों को भी ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है. नई योजना के तहत तीन मौजूदा और पांच नई लेनों को मिलाकर कुल आठ लेन की व्यवस्थित यातायात व्यवस्था विकसित की जाएगी. इसके बाद एयरपोर्ट पहुंचने वाले वाहनों को निर्धारित पार्किंग क्षेत्र से होकर गुजरना होगा.

**योजना के अनुसार**-लंबे समय तक रुकने वाले या प्रतीक्षा करने वाले वाहनों को पहले पार्किंग क्षेत्र में प्रवेश करना होगा. यात्री को छोड़ने या लेने वाले वाहनों के लिए अलग ड्रॉप-ऑफ और पिक-अप लेन विकसित की जाएंगी. केवल यात्री उतारने या बैठाने वाले वाहन निर्धारित लेन का उपयोग कर सीधे प्रवेश और निकास कर सकेंगे. इससे टर्मिनल भवन के सामने अनावश्यक भीड़ और वाहनों की कतारें कम होंगी.



इस जमीन को किया गया है शामिल 8 लेन के लिए .



अभी यात्रियों के वाहन यहां पर खड़े होने से होती हैं समस्या .

## 2025 की बैठक में रखा गया था प्रस्ताव

जानकारी के अनुसार, अतिरिक्त भूमि उपलब्ध होने के बाद वर्ष 2025 में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में इस परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गई थी . बैठक में इसे एयरपोर्ट की वर्षों पुरानी पार्किंग और ट्रैफिक समस्या का स्थायी समाधान माना गया . अधिकारियों का मानना है कि नई लेन व्यवस्था लागू होने के बाद पार्किंग प्रबंधन अधिक सुव्यवस्थित होगा तथा यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी . साथ ही सुरक्षा मानकों का पालन भी अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा .

## सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को भी मिलेगा बल

प्रस्तावित व्यवस्था को आगामी सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखकर भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है . अनुमान है कि सिंहस्थ के दौरान वर्तमान की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक यात्री इंदौर एयरपोर्ट का उपयोग कर सकते हैं . ऐसी स्थिति में बढ़े हुए यातायात दबाव को संभालने के लिए अभी से आधारभूत संरचना विकसित की जा रही है . नई लेन व्यवस्था और बेहतर पार्किंग प्रबंधन से उस समय ट्रैफिक कंजेशन को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकेगा .

### यात्रियों को मिलेंगे कई लाभ

नई व्यवस्था लागू होने के बाद एयरपोर्ट परिसर में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी . यात्रियों को प्रवेश और निकास में कम समय लगेगा . पार्किंग संचालन अधिक सुव्यवस्थित होगा . सुरक्षा मानकों का बेहतर पालन सुनिश्चित किया जा सकेगा . बड़े आयोजनों और बढ़ती यात्री संख्या के दौरान भी यातायात प्रबंधन आसान होगा . विशेषज्ञों का मानना है कि अतिरिक्त भूमि उपलब्ध होने के बाद यह परियोजना इंदौर एयरपोर्ट के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और आने वाले वर्षों की बढ़ती यात्री आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक बनेगी .

# फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

▸ जिला प्रशासन ने 13 से ज्यादा संस्थानों को किया सील

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिला प्रशासन ने फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन पर शहर में कई स्थानों पर जांच की. जांच में फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर 13 से ज्यादा संस्थानों को सील करने की कार्रवाई की गई.**

लखनऊ अग्निकांड के बाद आज प्रशासन एक्शन मोड में नजर आया है. शहर के कोचिंग सेंटरों, रेस्टोरेंट्स और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी को लेकर जांच की गई. इसी कड़ी में भंवरकुआं और गीता भवन क्षेत्र में एक ही दिन में 13 से अधिक संस्थानों पर कार्रवाई कर सील किया गया. कार्रवाई के दौरान एसडीएम जूनी इंदौर घनश्याम धनगर ,तहसीलदार राकेश सस्तिया, कमलेश कुशवाह, नायब तहसीलदार अशोक परमार, भवन अधिकारी अंकेश बिरथरे, शैलेंद्र मिश्रा तथा राहुल रघुवंशी सहित अधिकारी उपस्थित थे.




## इन संस्थानों पर की गई कार्रवाई...

निरीक्षण के दौरान फायर सेफ्टी के आवश्यक संसाधन एवं सुरक्षा मानकों का पालन नहीं पाए जाने पर सील करने की कार्रवाई की गई. भंवरकुआं स्थित कैटेलाइजर कोचिंग सेंटर, रेज़ोनेंस कोचिंग सेंटर, माखनवाला रसोई रेस्टोरेंट, रामानुजन कोचिंग सेंटर, मेडिकोज करियर इंस्टीट्यूट, नालंदा परिसर, स्टडी आईएएस, माईंड कोचिंग क्लासेस, उड़ान करियर इंस्टीट्यूट, अड्डा, विनायक, स्टडी आईक्यू, इंस्पायर लाइब्रेरी, ईरा लाइब्रेरी, गुरुकुल क्लासेस, श्री जी लाइब्रेरी, सारथी लाइब्रेरी, केटेलाइजर कोचिंग संस्थान, नुकलियम कोचिंग संस्थान, रामानुजन कोचिंग संस्थान, आयाम कोचिंग संस्थान, मक्खन वाला होटल, इकरथ कोचिंग संस्थान परिसरों में कार्रवाई की गई .

# इंदौर से तीन विधायक और मुद्रा, अंजू , जिराती और अमरदीप

▸ भाजपा कार्य समिति घोषित

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को प्रदेश कार्यसमिति घोषित कर दी है. कार्यसमिति में सभी वरिष्ठ, नेता, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश मंत्री और कई विधायकों को शामिल किया गया है.

इंदौर से पार्षद मुद्रा शास्त्री, अंजू मखीजा, जीतू जिराती और अमरदीप मौर्य को लिया गया है. विधायकों में उषा ठाकुर, मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला और राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार का नाम है. यह बात अलग है कि भाजपा कार्यसमिति घोषित हो गई है, लेकिन कार्यकारिणी बाकी है, जिसमें शहर में पद के कई दावेदार है. उनमें विधायक मनोज पटेल, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, कृष्ण मुरारी मोघे, बाबूसिंह रघुवंशी, गोपी नेमा में से एक दो को स्थान मिलने की संभावना है.

# पटवारी को रिश्वत मांगना पड़ा भारी, हो गया निलंबित

इंदौर . मंगलवार को कलेक्टर ने सनावसिया के पटवारी निलंबित कर दिया . निलंबित करने का कारण पटवारी द्वारा बटांकन में बदले 1 लाख रुपए बीघा से रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है . आज मामला कलेक्टर जन सुनवाई में शिकायत मिली की जमीन के बटांकन करने के बदले पटवारी द्वारा 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है . जन सुनवाई में कलेक्टर के बोलने कर बाद भी राजस्व कर नही किया गया . इसके बाद आज शिकायत मिलने पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने ग्राम सनावदियां के पटवारी अनुशील जोसेफ तत्काल निलंबित करने के आदेश कर दिए .

## एक नजर में

### सुमीत इंडस्ट्रीज ने 199 .75 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा

इंदौर . पॉलिएस्टर टेक्सचराइज्ड यार्न, पार्टियली ओरिएंटेड यार्न, फुली ड्रॉन यार्न के उत्पादन से जुड़े अग्रणी एकीकृत पॉलिएस्टर निर्माताओं में से एक, सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने पात्र शेयरधारकों के लिए राइट्स इश्यू की घोषणा की है . इसका उद्देश्य कंपनी की वित्तीय लचीलापन बढ़ाना तथा उसकी रणनीतिक व्यावसायिक प्राथमिकताओं को समर्थन प्रदान करना है . सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पूर्ण रूप से चुकता इक्विटी शेयर जारी करके कुल रू . 199 .75 करोड़ के राइट्स इश्यू की शर्तों को मंजूरी प्रदान की है . राइट्स इश्यू के बारे में सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मेनेजिंग डिरेक्टर प्रतीक आर . जाजू ने कहा राइट्स इश्यू सुमीत इंडस्ट्रीज की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माईल स्टोन है और यह कंपनी की परिचालन एवं वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है . हमें अपने मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी के भविष्य के विकास में भागीदारी का अवसर प्रदान करते हुए प्रसन्नता हो रही है .

### गैलेक्सी एम47 5जी 29 जून को होगा लॉन्च

इंदौर . सैमसंग इंडिया 29 जून को अपने लोकप्रिय गैलेक्सी रूसीरीज पोर्टफोलियो में नया गैलेक्सी एम47 5जी लॉन्च करने जा रहा है . युवा उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार यह स्मार्टफोन अपनी श्रेणी में सबसे अग्रणी फीचर्स लेकर आएगा, जो इसे गेमिंग, मनोरंजन, कंटेंट देखने, मल्टीटास्किंग और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए उपयुक्त बनाते हैं . गैलेक्सी एम47 5जी में स्नैपड्रैगन 6 ज़ेन 3 प्रोसेसर दिया गया है, जिसे 4एनएम आर्किटेक्चर पर बनाया गया है . एलपीडीडीआर5एक्स रेम के साथ मिलकर यह डिवाइस तेज और सहज प्रदर्शन देती है, जिसमें रुकावट कम होती है और काम जल्दी पूरे होते हैं . ॉहै . 6000एमएएच की बैटरी दी गई है, जो एक बार चार्ज करने पर लंबे समय तक इस्तेमाल के लिए बनाई गई है . स्मार्टफोन में 6 .7 इंच की फुलएचजी+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले दी गई है, जो कंटेंट देखने का गहन और आकर्षक अनुभव देती है . कैमरे की बात करें तो 50एमपी ओआईएस ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप और 12एमपी एचडीआर फ्रंट कैमरा दिया गया है .

### इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स 2027 के लिए मांगे आवेदन

इंदौर . मैरिको इनोवेशन फ़ाउंडेशन ( एमआईएफ ) ने आज अपने प्रमुख द्विवार्षिक मंच इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स के 11वें संस्करण के लिए आवेदन आमंत्रित किए . वर्ष 2006 में शुरू किया गया 'इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स' आइकॉन्स आज देश के अग्रणी नवाचार सम्मान मंचों में से एक बन चुका है I यह ऐसे भारतीय नवाचारों को पहचान और प्रोत्साहन देता है, जो फिलहाल अपेक्षाकृत कम चर्चित हैं, लेकिन सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय स्तर पर देश मे बड़े बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं. मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन के संस्थापक हर्ष मारीवाला ने कहा भारत इस समय ऐसे इनोवेटर्स की एक मजबूत लहर देख रहा है, जो ऐसे समाधान विकसित कर रहे हैं जिनमें बड़े पैमाने पर सार्थक प्रभाव डालने की क्षमता है . इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स के माध्यम से हमारा उद्देश्य ऐसे क्रांतिकारी नवाचारों की पहचान करना और उन्हें बढ़ावा देना है, ताकि उन्हें ज़्यादा पहचान, नेटवर्क तक पहुँच और ऐसे मौके उपलब्ध कराएंगे जिनसे उनकी वृद्धि और प्रभाव को बढ़ावा देने में मदद मिल सके I

### अभिषेक और नमन ने एयरबीएनबी से बनाई खास योजना

इंदौर युवराज सिंह के वायरल 'शर्म करो'रील ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं, जिसमें उन्होंने मजाकिया अंदाज में अभिषेक शर्मा और नमन धीर से शिकायत की थी कि उन्होंने उनके लिए कभी कुछ नहीं किया . इसके बाद दोनों ने अपने गुरु को खास अंदाज में सरप्राइज देने का फैसला किया . अभिषेक और नमन ने युवराज सिंह के लिए गोवा में एयरबीएनबी पर एक खास छुट्टी की योजना बनाई . इस दौरान न कोई तय कार्यक्रम था, न पहले से कोई योजना और न ही किसी तरह का एजेंडा Iदरअसल, यही बेफिक्र अंदाज इस पूरे अनुभव की सबसे बड़ी खासियत बन गया . युवराज सिंह ने कहा हर व्यक्ति का अपना एक अलग अंदाज़ होता है और बेहतरीन यात्रा का अनुभव भी हर किसी के लिए अलग मायने रखता है . मुझे एयरबीएनबी की सबसे अच्छी बात यह लगती है कि हर घर की अपनी एक अलग पहचान और अपनी अलग खूबसूरती होती हैयह हर किसी के लिए सब कुछ बनने की कोशिश नहीं करता . अभिषेक शर्मा और नमन धीर ने कहा हम बिना किसी तय योजना के और पूरे आत्मविश्वास के साथ गोवा पहुंचे और किसी तरह युवी पाजी के लिए एक शानदार छुट्टी का इंतजाम करने में कामयाब रहे I

### वॉटर पार्क इंदौर के परिवारों की पसंदीदा छुट्टी की जगह

इंदौर . इंदौर में परिवारों की मनोरंजन संबंधी पसंद भी बदल रही है . पहले पारिवारिक घूमने-फिरने का केंद्र शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल और रेस्तरां हुआ करते थे लेकिन बदलाव ने वॉटर पार्क्स को एक लोकप्रिय विकल्प बना दिया है . धीमंत बख्शी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इमेजिकावर्ल्ड एंटरटेनमेंट लिमिटेड द्वारा पांच कारण बताए गए हैं कि क्यों वॉटर पार्क इंदौर के परिवारों के लिए सप्ताहांत बिताने की सबसे पसंदीदा जगह बनते जा रहे हैं . उनके अनुसार इंदौर के परिवार अब सामान्य घूमने-फिरने के बजाय नए अनुभवों को प्राथमिकता दे रहे हैं . वॉटर पार्क एक लोकप्रिय विकल्प बन गए हैं, क्योंकि यहां रोमांच, सुकून और परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का अवसर एक ही स्थान पर मिलता है . लंबी यात्रा के बिना वीकेंड पर छुट्टियों जैसा अनुभव मिलता है . इंदौर और उसके आसपास के शहरों जैसे उज्जैन, देवास, धार और महू में रहने वाले लोगों के लिए एक्वा इमेजिका घर के पास ही छुट्टियों जैसा आनंद लेने का एक बेहतरीन विकल्प है . पानी की रोमांचक राइड्स, मनोरंजन और परिवार के साथ मस्ती से भरा एक दिन ऐसा एहसास कराता है, मानो आप छुट्टियां मनाने बाहर गए हों, वह भी लंबी दूरी की यात्रा की परेशानी के बिना . साथ ही यह मध्य भारत में गर्मियों के लिए बेहतरीन ठिकाना है . स्क्रीन की दुनिया में परिवार के साथ सच्ची यादें संजोने का मौका मिलता है . इंदौर की विकास यात्रा में मनोरंजन स्थलों की भूमिका बढ़ रही है .

## बादल हुए मेहरबान... गर्मी से मिली राहत...



इंदौर . मानसून का इंतजार कर रहे लोगों को मंगलवार भी दिनभर भारी उमस का सामना करना पड़ा . हालांकि शाम होते-होते मौसम अचानक बदल गया . 4 बजे बाद आसमान में बादल छा गए और ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे मौसम सुहाना हो गया और लोगों को तेज उमस से राहत मिली . शाम 6 बजे से अचानक रुक-रुककर बारिश शुरू हो गई . रुक-रुककर हो रही बारिश का यह सिलसिला रात 11 बजे तक जारी रहा .

# वकीलों ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

▸ विभिन्न आदेश में नाम का उल्लेख करने की मांग

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को रजिस्ट्रार कार्यालय के वकीलों ने ज्ञापन दिया. वकीलों ने कलेक्टर से मांग की है कि सभी न्यायलयों के आदेश में वकीलों के नाम का उल्लेख होना चाहिए.**

रजिस्ट्रार कार्यालय संघर्ष समिति के अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी के साथ वकीलों ने जन सुनवाई कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. द्विवेदी ने कलेक्टर शिवम वर्मा को बताया कि समस्त राजस्व न्यायालय में वकलात नामा प्रस्तुत करते है, कोर्ट में बहस, जबाब दावा, आपत्ति आदि विधिक काम करते है. इसके बावजूद भी तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय,अपर कलेक्टर, कलेक्टर राजस्व न्यायालय द्वारा आदेश में वकीलों का नाम नहीं दिया जाता है. वकीलों की मांग है कि आदेश में नाम दिया जाए. साथ ही अदालत समय तय हो और न्यायालय समय पर सुचना दे की अवकाश पर हैं. कुल मिलाकर अदालत अनुसार काम किया जाए. ज्ञापन में एड्वोकेट प्रकाश वर्मा,सतनाम सिंह छाबड़ा,विनय द्विवेदी सहित कई वकील उपस्थित थे.



# लाइनमैन अब 62 वर्ष में होंगे सेवानिवृत्त

▸ संविदा कर्मियों को मिलेगी ग्रेच्युटी

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक मंडल ने कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं. मंगलवार को पोलोग्राउंड स्थित कंपनी मुख्यालय में आयोजित बैठक में कंपनी गठन के बाद भर्ती हुए लाइन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 55 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने का निर्णय लिया गया. साथ ही संविदा कर्मियों को नियुक्ति तिथि से नियमानुसार ग्रेच्युटी का लाभ देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई.

बैठक की अध्यक्षता ऊर्जा विभाग के सचिव एवं कंपनी चेयरमैन विशेष गढ़पाले ने की. कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि बिजली चोरी एवं अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए विकसित 'वी-कनेक्ट'एप के माध्यम से सूचना देने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी. यदि सूचना के आधार पर 10 हजार रुपये से अधिक की पंचनामा राशि या सिविल दायित्व का प्रकरण बनता है, तो सूचनादाता के खाते में डीबीटी के माध्यम से पारितोषिक जमा किया जाएगा. योजना के तहत व्यावसायिक श्रेणी में 100 रुपये प्रति किलोवाट, कृषि श्रेणी में 100 रुपये प्रति एचपी तथा बिजली चोरी, हुकिंग, अवैध कनेक्शन, मीटर से छेड़छाड़, गलत उपयोग और गलत मीटर रीडिंग जैसी अनियमितताओं की सूचना पर निर्धारित प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी.



# डीएवीवी में सहायक प्राध्यापकों की भर्ती, 28 जुलाई तक आवेदन

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय डीएवीवी ने विभिन्न शिक्षण विभागों में सहायक प्राध्यापक के नियमित एवं बैकलॉग पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं. नियुक्तियां यूजीसी विनियम-2018 के अनुसार की जाएंगी।**

**विश्वविद्यालय द्वारा जारी रोजगार सूचना के अनुसार पदों का विवरण, विषयवार रिक्तियां, शैक्षणिक योग्यताएं, विशेषज्ञता, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन-पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.**

अभ्यर्थियों को विधिवत भरा हुआ आवेदन-पत्र आवश्यक दस्तावेजों एवं निर्धारित शुल्क के साथ उप कुलसचिव स्थापना अनुभाग डीएवीवी, आरएनटी मार्ग, इंदौर के पते पर केवल पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट या कूरियर से भेजना होगा. सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपए तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपए निर्धारित किया गया है. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई 2026 सायं 6 बजे तक है.

एक नजर में ▸ हरियाली गायब होने से पसरा रहता है सन्नाटा, सारी सुविधाएं मौजूद, फिर भी नहीं आ रहे पर्यटक

# बारिश की बेरुखी से सूना पड़ा उमरिया खेड़ी इको पार्क

धर्मेंद्र सिंह चौहान

**इंदौर .** सिमरोल क्षेत्र के उमरिया खेड़ी स्थित इको पार्क में इस बार कम बारिश का असर साफ नजर आ रहा है. हरियाली घटने से पार्क में सन्नाटा छाया है और पर्यटकों की संख्या लगातार कम हो रही है, जबकि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वन विभाग द्वारा यहां विभिन्न सुविधाएं विकसित की गई हैं .

इंदौर खंडवा रोड पर स्थित इस इको पार्क को वन विभाग ने इको टूरिज्म के रूप में विकसित किया है. यहां नेचर ट्रेल, जंगल ट्रैकिंग, व्यू प्वाइंट और कैंपिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि पर्यटक जंगल के बीच प्रकृति का अनुभव ले सकें . पार्क में प्रवेश के लिए प्रति व्यक्ति शुल्क तय है, वहीं रात्रि विश्राम के लिए कैंपिंग की अलग व्यवस्था और शुल्क निर्धारित किया है, जिसमें टेंट, सुरक्षा और गाइड जैसी सुविधाएं शामिल रहती हैं . नव भारत की टीम द्वारा यहां किए गए अवलोकन में सामने आया कि पर्याप्त बारिश नहीं होने से जंगल क्षेत्र में हरियाली काफी कम है . पेड़ पौधों में नमी की कमी के कारण प्राकृतिक आकर्षण फीका पड़ गया है . सामान्य दिनों में जहां मानसून के दौरान पर्यटकों की भीड़ रहती है, वहीं इस समय पार्क में सन्नाटा देखने को मिल रहा है .



## प्राकृतिक सौंदर्य कम होने से नहीं आ रहे पर्यटक

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश के मौसम में यह क्षेत्र हरा भरा होकर पर्यटकों को आकर्षित करता है, लेकिन इस बार बारिश की कमी से स्थिति विपरीत है. उनका कहना है कि सभी सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद प्राकृतिक सौंदर्य कम होने से लोग यहां आने से बच रहे हैं. वन विभाग के सामने अब चुनौती यह है कि सीमित संसाधनों में पार्क की हरियाली और आकर्षण को बनाए रखा जाए. आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने पर पार्क में फिर से रौनक लौटने की उम्मीद जताई जा रही है.

**मौसम एवरग्रीन होते ही बदलेगी तस्वीर**-बारिश कम होने से पार्क की हरियाली प्रभावित हुई है, जिससे रेवेन्यू पर भी असर पड़ा है। हालांकि इस बार अच्छी बारिश की उम्मीद है. मौसम एवरग्रीन होते ही पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और रेवेन्यू में सुधार होगा.

**- लाल सुधाकर सिंह, डीएफओ**